**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 27 दिसंबर, 2017 की प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा सरकार ने उल्लेख किया था कि वह चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 में दिनांकित सरकारी प्रतिभूतियों के जरिए 50,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बाजार उधार जुटाएगी।

राजस्व प्राप्तियों और व्यय के पैटर्न की प्रवृत्ति की समीक्षा करने पर यह आकलन किया गया था कि सरकारी प्रतिभूतियों का केवल 20,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त उधार वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगा। सरकार ने पिछले तीन नीलामियों में 15,000 करोड़ रुपए के उधार स्वीकार नहीं किए। शेष बचे 15,000 करोड़ रुपए आगामी सप्ताहों के अधिसूचित उधार कार्यक्रमों से कम किए जाएंगे।

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
बजट प्रभाग
नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 17 जनवरी, 2018